बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी॰आर॰ 246/2022

ERC NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्राप्त राज्य के डी॰एल॰एड॰ कोर्स संचालित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्य एवं डी॰एल॰एड॰ प्रशिक्षण सत्र 2022–24 में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों के लिये स्पॉट नामांकन (Spot Admission) के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य के डी॰एल॰एड॰ कोर्स संचालित प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2022–24 में नामांकन हेतु आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2022 के आधार पर समिति से प्रसारित विभिन्न विज्ञप्तियों के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने तथा तीन चरणों में चयन सूची प्रकाशित कर दिनांक 17.12.2022 तक नामांकन की कार्रवाई की गयी है। **अद्यतन नामांकन उपरांत रिक्त रह गए सीटों पर नामांकन हेतु दिनांक 23.12.2022 से 30.12.2022 तक स्पॉट नामांकन की प्रक्रिया शुरू की जायेगी, जिसके माध्यम से अभ्यर्थी संबंधित प्रशिक्षण महाविद्यालय में रिक्त सीटों पर नामांकन ले पायेंगे।**

2. स्पॉट नामांकन हेतु निम्न श्रेणी के अभ्यर्थी पात्र होंगे :–

(क) वैसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा CAF (Common Application Form) एवं शुल्क ऑनलाईन जमा किया गया है, किन्तु उनका चयन किसी भी चयन सूची में नहीं हुआ है, अथवा

(ख) वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने प्रथम चयन सूची, द्वितीय चयन सूची एवं तृतीय चयन सूची में आवंटित संस्थान में चयन होने के पश्चात् भी नामांकन नहीं लिया है।

(ग) जारी की गई प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चयन सूची के आलोक में आवंटित महाविद्यालयों में नामांकित अभ्यर्थियों को किसी भी परिस्थिति में स्पॉट नामांकन के लिये अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

3. विभिन्न संस्थानों के रिक्त सीटों का विवरण समिति के पोर्टल **http://deled.biharboardonline.com पर दिनांक 22.12.2022 को अपलोड रहेगा। उपर्युक्त श्रेणी के वैसे अभ्यर्थी जो नामांकन हेतु इच्छुक हैं, स्पॉट नामांकन के अन्तर्गत निम्न प्रक्रिया का अनुसरण कर अपना नामांकन करा सकते हैं :–**

(i) इच्छुक अभ्यर्थी जिस संस्थान में नामांकन लेना चाहते हैं उसके संबंध में सर्वप्रथम समिति के पोर्टल पर जाकर उक्त संस्थान के रिक्त सीटों की संख्या देख लें।

(ii) उसके पश्चात् समिति पोर्टल पर जाकर वे अपना बारकोड/Reference Number डालकर स्पॉट नामांकन हेतु अपना CAF डाउनलोड कर लें। स्पॉट नामांकन की प्रक्रिया हेतु उन अभ्यर्थियों को, जिनका नामांकन किसी भी संस्थान में नहीं हुआ है, के लिए समिति के पोर्टल पर 'Spot Intimation Letter' भी अपलोड रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थी CAF के साथ–साथ अपना 'Spot Intimation Letter' भी डाउनलोड कर लेंगे।

(iii) तत्पश्चात् अभ्यर्थी जिस संस्थान में नामांकन को इच्छुक हैं, वहाँ संगत अभिलेखों के साथ सदेह उपस्थित होकर **दिनांक 24.12.2022 से 30.12.2022 तक** की अवधि में अपना नामांकन कराएँगे।

(iv) महाविद्यालय द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वहाँ पहुँचने वाले पात्र अभ्यर्थियों का नामांकन "First-cum-First Serve basis" पर लेना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही जैसे–जैसे नामांकन होता जाएगा, उसका अपडेशन भी उनके द्वारा प्रत्येक दो घंटे पर समिति के पोर्टल पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अपने सूचनापट्ट पर भी स्पॉट नामांकन के पूर्व के रिक्ति, स्पॉट नामांकित अभ्यर्थियों की संख्या तथा अद्यतन रिक्ति का विवरण भी प्रत्येक दो घंटे पर अद्यतन कर प्रकाशित किया जाएगा, ताकि रिक्ति के संबंध में पारदर्शिता बनी रहे।

(v) स्पॉट नामांकन की प्रक्रिया के पश्चात् संबंधित संस्थान के प्राचार्य समिति के पोर्टल पर **दिनांक 31.12.2022 तक** अवश्य ही नामांकित अभ्यर्थियों की सूची अपडेट करना सुनिश्चित करेंगे।

4. ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने प्रथम चयन सूची, द्वितीय चयन सूची अथवा तृतीय चयन सूची में चयन होने के बावजूद नामांकन नहीं लिया था, उन अभ्यर्थियों को इस विज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि चयन होने के बाद भी नामांकन नहीं लेने के कारण उनका अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया गया है। इस आशय की सूचना पूर्व के विज्ञप्तियों में भी दी गयी थी। अतएव ऐसे अभ्यर्थी यदि पुनः किसी संस्थान में नामांकन लेना चाहते हैं तो उक्त के अनुसार पुनः समिति के पोर्टल पर अपना बारकोड/Reference Number डालकर स्पॉट नामांकन हेतु अपना CAF एवं Spot Intimation Letter डाउनलोड कर सकते हैं।

5. सभी संस्थानों के प्राचार्यों को इस विज्ञप्ति के माध्यम से यह निदेशित किया जाता है कि वे अपने यहाँ हुए नामांकन का विवरण **दिनांक 21.12.2022 तक** समिति के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अद्यतन करना सुनिश्चित करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)